**जेबी अकादमी, अयोध्या**

**वार्षिक परीक्षा 2023-24**

**कक्षा-XI, विषय- हिंदी (आधार)**

**समय**- 3 घंटे **अधिकतम अंक**-80

**सामान्य निर्देश-**

- प्रश्न-पत्र दो खण्डों- खंड 'अ' और 'ब' में विभक्त है।
- खंड 'अ' में वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, जबकि खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।
- खंड 'अ' के प्रश्नों के उत्तर के रूप में चार विकल्प दिए गए हैं । सबसे उचित विकल्प का सावधानी पूर्वक चयन करते हुए उत्तर दीजिए ।

***खंड 'अ'- वस्तुपरक प्रश्न***

**प्र.1. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (1x10=10)**

वैज्ञानिक प्रयोग की सफलता ने मनुष्य की बुद्धि का अपूर्व विकास कर दिया है। द्वितीय महायुद्ध में एटम बम की शक्ति ने कुछ समय में ही जापान की अजेय शक्ति को पराजित कर दिया। इस शक्ति की युद्धकालीन सफलता ने अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस आदि सभी देशों को ऐसे शस्त्रास्त्रों के निर्माण की प्रेरणा दी तथा सभी भयंकर और सर्वविनाशकारी शस्त्र बनाने लगे। अब सेना पराजित करने तथा शत्रु-देश पर पैदल सेना द्वारा आक्रमण करने के लिए शस्त्र निर्माण के स्थान पर देश के विनाश करने की दिशा में शस्त्रास्त्र बनने लगे हैं।

इन हथियारों का प्रयोग होने पर शत्रु-देशों की अधिकांश जनता और संपत्ति थोड़े समय में नष्ट की जा सकेगी। चूँकि ऐसे शस्त्रास्त्र प्रायः सभी स्वतन्त्र देशों के संग्रहालयों में कुछ न कुछ आ गये हैं, अतः युद्ध की स्थिति में उनका प्रयोग भी अनिवार्य हो जाएगा।अतः दुनिया का सर्वनाश या अधिकांश नाश तो अवश्य ही हो जायेगा। इसलिए निःशस्त्रीकरण की योजनाएँ बन रही हैं। शस्त्रास्त्रों के निर्माण में जो दिशा अपनाई गई, उसी के अनुसार आज इतने उन्नत शस्त्रास्त्र बन गये हैं, जिनके प्रयोग से व्यापक विनाश आसन्न दिखाई पड़ता है। अब भी परीक्षणों की रोकथाम तथा बने शस्त्रों के प्रयोग के रोकने के मार्ग खोजे जा रहे हैं। इन प्रयासों के मूल में एक भयंकर आतंक और विश्व विनाश का भय काम कर रहा है।

**i.** इस गद्यांश का मूल कथ्य क्या है?

(क) आतंक और सर्वनाश का भय (ख) विश्व में शस्त्रास्त्रों की होड़

(ग) द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका (घ) निःशस्त्रीकरण और विश्वशान्ति

**ii.** भयंकर विनाशकारी आधुनिक शस्त्रास्त्रों के बनाने की प्रेरणा किसने दी?

(क) अमेरिका ने (ख) अमेरिका की विजय ने

(ग) जापान के विनाश ने (घ) बड़े देशों की पारस्परिक प्रतिस्पर्धा ने

**iii.** एटम बम की अपार शक्ति का प्रथम अनुभव कैसे हुआ?

(क) जापान में हुई भयंकर विनाशलीला से (ख) जापान की अजेय शक्ति की पराजय से

(ग) अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस की प्रतिस्पर्धा से (घ) अमेरिका की विजय से

**iv.** बड़े-बड़े देश आधुनिक विनाशकारी शस्त्रास्त्र क्यों बना रहे हैं?
(क) अपनी-अपनी सेनाओं में कमी करने के उद्देश्य से
(ख) अपने संसाधनों का प्रयोग करने के उद्देश्य से
(ग) अपना-अपना सामरिक व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से।
(घ) पारस्परिक भय के कारण
**v.** आधुनिक युद्ध भयंकर व विनाशकारी होते हैं क्योंकि-
(क) दोनों देशों के शस्त्रास्त्र इन युद्धों में समाप्त हो जाते हैं
(ख) अधिकांश जनता और उसकी सम्पत्ति नष्ट हो जाती है
(ग) दोनों देशों में महामारी और भुखमरी फेल जाती है
(घ) दोनों देशों की सेनाएँ इन युद्धों में मारी जाती हैं
**vi**. इस गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक है
(क) निःशस्त्रीकरण (ख) आधुनिक शस्त्रास्त्रों का विनाशकारी प्रभाव
(ग) एटम बम की शक्ति (घ) आतंक और विश्व-विनाश का भय
**vii.** 'व्यापक विनाश आसन्न दिखाई पड़ता है। इस वाक्य में 'आसन्न' का अर्थ क्या है?
(क) अवश्य घटित होने वाला (ख) कुछ समय बाद घटित होने वाला
(ग) किसी क्षेत्र विशेष में घटित होने वाला (घ) कभी घटित नहीं होने वाला
**viii.** 'निःशस्त्रीकरण' से क्या तात्पर्य है?
(क) आधुनिक शस्त्रास्त्रों का मुक्त व्यापार
(ख) आधुनिक शस्त्रास्त्रों के परीक्षण, प्रयोग एवं भंडारण पर प्रतिबंध
(ग) एटम की शक्ति का रचनात्मक कार्यों में प्रयोग
(घ) एटम बम का जनता पर प्रयोग न करने का संकल्प
**ix**. निःशस्त्रीकरण की योजनाएँ क्यों बनाई जा रही हैं?
(क) क्योंकि आतंक और विश्व के सर्वनाश का भय बढ़ता जा रहा है
(ख) क्योंकि बड़े देशों के संसाधन समाप्त होते जा रहे हैं
(ग) क्योंकि तृतीय विश्व युद्ध की अभी कोई सम्भावना नहीं है
(घ) क्योंकि ये योजनाएँ संयुक्त राष्ट्र संघ ने बनाई हैं
**x**. मनुष्य की बुद्धि का अपूर्व विकास किसने किया था?
(क) वैज्ञानिक प्रयोग की सफलता ने (ख) वैज्ञानिक प्रयोग की असफलता ने
(ग) वैज्ञानिक अन्धविश्वास ने (घ) वैज्ञानिक विनाश ने

**प्र.2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (1x1=5)**

वह तोड़ती पत्थर
देखा मैंने उसे इलाहाबाद के पथ पर
वह तोड़ती पत्थर
कोई न छायादार पेड़
वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार
श्याम तन, भर बंधा यौवन,

नत नयन, प्रिय-कर्म-रत मन,
गुरु हथौड़ा हाथ,
करती बार-बार प्रहार:
सामने तरु मालिका अट्टालिका, प्राकार।
चढ़ रही थी धूप, गर्मियों के दिन,
दिवा का तमतमाता रूप,
उठी झुलसाती हुई लू
रुई ज्यों जलती हुई भू
गर्द चिनगीं छा गई,
प्रायः हुई दुपहर-
वह तोड़ती पत्थर
देखते देखा मुझे तो एक बार
उस भवन की ओर देखा, छिन्नतार;
देखकर कोई नहीं,
देखा मुझे उस दृष्टि से
जो मार खा रोई नहीं,
सजा सहज सितार,
सुनी मैंने वह नहीं जो थी सुनी झंकार
एक क्षण के बाद वह कांपी सुधर,
दुलक माथे से गिरे सीकर,
लीन होते कर्म में फिर ज्यों कहा
"मैं तोड़ती पत्थर।"

**(i)** . प्रस्तुत कविता में मूल रूप से किसका चित्रण है?

(क) मजदूर का (ख) इलाहाबाद का (ग) पत्थर का (घ) सड़क का

**(ii)** . कविता में किस ऋतु का उल्लेख है?

(क) ग्रीष्म (ख) वसंत (ग) शरद (घ) पावस

**(iii).** सीकर शब्द का क्या अर्थ है?

(क) पसीना (ख) पानी (ग) लू (घ) धूप

**(iv)** . काव्यांश में कौन-सा रस है?

(क) वीभत्स (ख) करुण (ग) शांत (घ) रौद्र

**(v)** . 'गुरु हथौड़ा हाथ' में कौन अलंकार है?

(क) रूपक (ख) अनुप्रास (ग) यमक (घ) श्लेष

**(अभिव्यक्ति और माध्यम के पाठों पर आधारित प्रश्न)**

**प्र. 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए- (1x1=5)**

**i. संचार की प्रक्रिया के तत्वों में संचारक किसके अंतर्गत आता है-**

(क) एनकोडिंग (ख) माध्यम

(ग) प्राप्तकर्ता (घ) स्रोत

**ii. वह संचार जिसमे संचारक और प्राप्तकर्ता एक ही व्यक्ति होता है, कहलाता है-**

(क) अंतर वैयक्तिक (ख) अंतः वैयक्तिक

(ग) मौखिक (घ) समूह संचार

**iii. आल इंडिया रेडियो की स्थापना कब हुई -**

(क) 1927 ई. (ख) 1936 ई.

(ग) 1556 ई. (घ) 1965 ई.

**iv.** किस पत्रकारिता का नया रूप स्टिंग ऑपरेशन के रूप में सामने आया है -

(क) वाचडॉग पत्रकारिता (ख) एडवोकेसी पत्रकारिता

(ग) खोजपरक पत्रकारिता (घ) इनमे से कोई नहीं

**v. निम्नलिखित में से कौन-सा समाचार का एक तत्व नहीं है -**

(क) प्रभाव (ख) प्राचीनता

(ग) निकटता (घ) वस्तुपरकता

**(मुख्य पाठ्य पुस्तक)**

**प्र.4. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (1x1=5)**

हे भूख ! मत मचल
प्यास, तड़प मत
हे नींद! मत सता
क्रोध, मचा मत उथल-पुथल
हे मोह! पाश अपने ढील
लोभ, मत ललचा
मद ! मत कर मदहोश
ईर्ष्या, जला मत
ओ चराचर ! मत चूक अवसर
आई हूँ सदेश लेकर चन्नमल्लिकार्जुन का

**i. अक्क महादेवी किस का संदेश लेकर आई थी?**

(क) चन्नमल्लिकार्जुन

(ख) मल्लिकार्जुन

(ग) अर्जुन

(घ) गणेश

**ii. कवयित्री ने आग्रह किया है-**

(क) इंद्रियों से (ख) परिवार से

(ग) जनता से (घ) समाज से

**iii. नींद से मानव किस की प्राप्ति का मार्ग भूल जाता है?**

(क) धन प्राप्ति (ख) ईश्वर प्राप्ति

(ग) आवश्यकताएँ (घ) विद्या और ज्ञान

**iv. कवयित्री मिलन कराना चाहती है-**

(क) मानव-मानव का (ख) जीव-जंतु का

(ग) जड़-चेतन का (घ) आत्मा-परमात्मा का

**v. चन्नमल्लिकार्जुन किसे कहा गया है** -

(क) राम (ख) कृष्ण

(ग) शिव (घ) विष्णु

**प्र.5. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए- (1X5=5)**

मियाँ नसीरुद्दीन ने आँखों के कंचे हम पर फेर दिए। फिर तरेरकर बोले- क्या मतलब? पूछिए साहब-नानबाई इल्म लेने कहीं और जाएगा? क्या नगीनासाज़ के पास? क्या आईनासाज़ के पास? क्या मीनासाज़ के पास या रफूगर, रँगरेज़ या तेली-तंबोली से सीखने जाएगा? क्या फरमा दिया साहब-यह तो हमारा खानदानी पेशा ठहरा। हाँ, इल्म की बात पूछिए तो जो कुछ भी सीखा, अपने वालिद उस्ताद से ही। मतलब यह कि हम घर से न निकले कि कोई पेशा अख्तियार करेंगे। जो बाप-दादा का हुनर था, वही उनसे पाया और वालिद मरहूम के उठ जाने पर बैठ गए उन्हीं के ठीये पर ।"

i. मियाँ ने लेखिका को आँखें तरेरकर क्यों उत्तर दिया?

(क) लेखिका के प्रश्न से उन्हें क्रोध आ गया (ख) वे लेखिका से घृणा करते थे

(ग) वे लेखिका को डरा-धमका कर भगाना चाहते थे (घ) सभी विकल्प सही हैं

ii. मियाँ ने निम्नलिखित में से किस खानदानी व्यवसाय का उदाहरण नहीं दिया है?

(क) आईनासाज (ख) मीनासाज़ (ग) रफ़ूगर (घ) जादूगर

iii. मियाँ ने नानबाई का काम क्यों किया?

(क) यह उनका खानदानी पेशा था (ख) यह उनकी मजबूरी थी

(ग) लोगों ने उन्हें यह काम करने का सुझाव दिया (घ) मरता क्या न करता

iv. अनुच्छेद में ऐसा कौन-सा शब्द है, जिसका तात्पर्य शिक्षा से है-

(क) फरमा (ख) इल्म (ग) मरहूम (घ) ठीया

v. उपर्युक्त पंक्तियाँ जिस पाठ से ली गयी हैं, उस पाठ की लेखिका हैं-

(क) महादेवी वर्मा (ख) कृष्णा सोबती (ग) लता मंगेशकर (घ) मीरा

**(पाठ्यपुस्तक वितान के पाठ पर आधारित प्रश्न )**

**प्र.6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए- (1x10=10)**

**i. 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ लता मंगेशकर' पाठ के लेखक कौन हैं-**

(क) कुमार गन्धर्व (ख) अनुपम मिश्र (ग) बेबी हालदार (घ) हजारी प्रसाद द्विवेदी

**ii. लेखक के अनुसार गाने की सारी मिठास किसके कारण आती है ?**

(क) सही धुन (ख) सही शब्दावली (ग) रंजकता (घ) सही स्वर

**iii. कुईं की खुदाई किस यंत्र से की जाती थी-**

(क) फावड़े से (ख) बसौली से (ग) दरांती से (घ) कुदाल से

**iv. चेलवांजी को और क्या कहा जा सकता है -**

(क) चेजारो (ग) चीलवांजी

(ख) पुजारो (घ) मिथारो

**v. 'जहाँ लगाव है, वहाँ...............भी होता है' -**

(क) बिखराव (ग) अवसान

(ख) सफलता (घ) अलगाव

**vi. मरुभूमि में उपलब्ध पानी का कौन-सा रूप नहीं होता है-**

(क) पालर पानी (ग) पाताल पानी

(ख) रेजाणी पानी (घ) मेवाणी पानी

**vii. बेबी हालदार को काम दिलवाने में किस युवक ने मदद की थी -**

(क) सुनील (ग) भोला दा

(ख) बेबी का भाई (घ) रमेश

**viii. 'आलो आंधारि' का क्या अर्थ है-**

(क) उजाले का अँधेरा (ग) अँधेरे का उजाला

(ख) आँख से न दिखना (घ) बर्फ़ से बना जल

**ix. तातुश का क्या अर्थ है -**

(क) भाई समान (ग) पिता समान

(ख) माता समान (घ) मित्र जैसा

**X. बेबी हालदार के लेखन की तुलना किससे की गई है-**

(क) अन्नपूर्णा देवी (ग) तातुश

(ख) आशापूर्ण देवी (घ) भटू

***खंड 'ब'- वर्णनात्मक प्रश्न***

**(अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न)**

**प्र.7.निम्नलिखित दिए गए तीन विकल्पों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक रचनात्मक लेख लिखिए।**

**(क)** आध्यात्मिक राजधानी के रूप में अयोध्या की प्रतिष्ठा **(5)**

**(ख)** बिनु सत्संग विवेक न होई **(ग)** साइबर सुरक्षा

**प्र.8.**बड़े-बड़े दावे तथा घोषणाओं के बाद भी रेल यात्रा के दौरान यात्रियों को दी जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता संतोषप्रद नहीं होती है। इसकी शिकायत करते हुए निरीक्षक, खानपान विभाग, रेल भवन, नई दिल्ली को शिकायती-पत्र लिखिए। **(5)**

**अथवा**

सरकार के विभिन्न प्रयासों के बावजूद भी बाल मजदूरी की समस्या समाप्त नहीं हो रही है। इस पर चिंता प्रकट करते हुए किसी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखते हुए अपने सुझाव भी दीजिए।

**प्र.9. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही <u>दो प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 40 शब्दों लिखिए । (2x2=4)**

**(क)** डायरी लेखन की उपयोगिता पर प्रकश डालिए?

**(ख)** फ़्लैशबैक और फ़्लैश फॉरवर्ड तकनीक क्या है? एक-एक उदहारण भी लिखिए ।

**(ग)** पटकथा लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है ?

**प्र.10. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किसी <u>एक प्रश्न</u> का उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए। (3x1=3)**

**(क)** स्ववृत्त से आप क्या समझते हैं? एक अच्छे स्ववृत्त की विशेषताएँ लिखिए ।

**(ख)** सर्वोदय विद्यालय, प्रयागराज में हिंदी पीजीटी का पद रिक्त है । अपना अभ्यर्थन प्रस्तुत करते हुए शिक्षा निदेशक को एक आवेदन-पत्र लिखिए ।

**(पाठ्य पुस्तक आरोह भाग-2 पर आधारित प्रश्न)**

**प्र.11. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही <u>दो प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए । (3x2=6)**

**(क)** मुर्दा शांति से भर जाना और हमारे सपनों का मर जाना- इनको सबसे खतरनाक माना गया है। आपकी दृष्टि में इन बातों में परस्पर क्या संगति है और ये क्यों सबसे खतरनाक हैं?

**(ख)** दिल के भोलेपन के साथ-साथ अक्खड़पन और जुझारूपन को भी बचाने की आवश्यकता पर क्यों बल दिया गया है?

**(ग)** दुष्यंत की गज़ल 'साए में धूप' का मिज़ाज बदलाव के पक्ष में है। स्पष्ट कीजिए ।

**प्र.12. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही <u>दो प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए । (2x2=4)**

**(क)** कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक है । इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिए हैं?

**(ख)** मीरा जगत को देखकर क्यों रोती हैं?

**(ग)** 'घर की याद' कविता में भवानी प्रसाद मिश्र के पिता की किन विशेषताओं को उकेरा गया है?

**प्र.13. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही <u>दो प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए । (3x2=6)**

**(क)** 'जामुन का पेड़' पाठ में सरकार के किन-किन विभागों की चर्चा की गई है और पाठ से उनके कार्य के बारे में क्या अंदाजा मिलता है?

**(ख)** 'नमक का दारोगा' कहानी में पंडित अलोपीदीन के व्यक्तित्व के कौन-से दो पहलू (पक्ष) उभरकर आते हैं?

**(ग)** मास्टर त्रिलोक सिंह के किस कथन को लेखक ने ज़बान का चाबुक कहा है और क्यों ?

**प्र.14. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर <u>किन्ही दो प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए । (2x2=4)**

**(क)** धनराम को मोहन के किस व्यवहार पर आश्चर्य होता है और क्यों?

**(ख)** 'गलती करने वाला तो है ही गुनहगार, पर उसे बर्दाश्त करने वाला भी कम गुनहगार नहीं होता ।' रजनी पाठ के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

**(ग)** भारत माता के प्रति नेहरू जी की अवधारणा स्पष्ट कीजिए ।

**(पूरक पुस्तक वितान पर आधारित प्रश्न)**

**प्र.15. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किसी <u>एक प्रश्न</u> का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए। (3x1=3)**

**(क)** निजी होते हुए भी सार्वजनिक क्षेत्र में कुइयों पर ग्राम समाज का अंकुश लगा रहता है।लेखक ने ऐसा क्यों कहा होगा?

**(ख)** तुम दूसरी आशापूर्णा देवी बन सकती हो- जेठू का यह कथन रचना संसार के किस सत्य को उद्घाटित करता है ?

****